Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- सिरोही में हर्षदीप सिंह गिल श्रम कल्याण अधिकारी की अनुबंधित गाड़ी की आकस्मिक चौकिंग के दौरान मिली 1,50,000/– रुपये की संदिग्ध राशि, कार्यवाही जारी।

जयपुर, 27 अप्रैल 2026,सोमवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर उप महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर के पर्यवेक्षण में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की सिरोही इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये संदिग्ध अधिकारी श्री हर्षदीप सिंह गिल श्रम कल्याण अधिकारी सिरोही के आबूरोड़ से जिला मुख्यालय सिरोही पर अपने कार्यालय के श्री विकास कुमार कनिष्ठ सहायक के साथ श्रम विभाग में अनुबंधित कार से आते वक्त सिरोही में आकस्मिक रूप से ली गई तलाशी के दौरान श्रम विभाग से अनुबन्धित उक्त कार में रखे रैग्जीन बैग में पाये पॉलीथीन की थैली में लपेटकर रखी हुई 500–500 रूपये की तीन गड्डियों में कुल 1,50,000/– रूपये की संदिग्ध राशि पाई गई। उक्त 1,50,000/– रूपये की संदिग्ध राशि कहां से लाई गई इसके बारे में पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिस पर उक्त संदिग्ध राशि को कब्जे में लिए जाकर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

इस संबन्ध में आसूचना प्राप्त हुई थी कि श्रम कल्याण अधिकारी सिरोही व एक अन्य कर्मचारी आबूरोड़ की औद्योगिक ईकाईयों से अवैध रूप से रिश्वती राशि की वसूली करके श्रम विभाग की अनुबंधित कार से सिरोही की तरफ आ रहे हैं, जिस पर उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया गया ।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देश एवं उप महानिरीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर, श्री भुवन भूषण यादव के निकट पर्यवेक्षण में अग्रिम कार्यवाही जारी है।